Seventeenth Loksabha

>

Title: need to improve restrictions on purchasing telecom equipments from Chinese Company namely huwai due to data security breach.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): मैं आज आपके माध्यम से देश की सुरक्षा का बहुत ही गंभीर विषय उठाना चाहता हूं । चीन की टेलीकॉम कम्पनी हूएहवे कंपनी का संबंध सीधा चीन की फौज से है । इसके ऊपर एक नहीं अनेक बार डाटा चोरी का आरोप लग चुका है । इसके सीईओ वर्तमान में जेल में हैं । ये सारा डाटा चोरी करके चीन की फौज को देते हैं, इसके कारण देश की सुरक्षा को खतरा है । दुनिया की बड़ी कंपनियां, चाहे गुग्गल हो या कोई और हो, इन सबने इससे सामान लेने पर रोक लगाई हुई है । हमारे देश में जानकारी के अभाव से इनकी बिक्री खुले रूप से हो रही है ।

महोदय, 5 जी के लिए जरूरी इक्विपमेंट का निर्माण भी इनके द्वारा किया जा रहा है, जो ये कंपनियां बेच रही हैं । हमारे देश के लोगों और सरकार द्वारा जानकारी के अभाव में सामान खरीदा जा रहा है, जिसके कारण देश की सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा है । अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान, ब्रिटेन, कनाडा, डेनमार्क आदि देशों ने इनके ऊपर प्रतिबंध लगा दिया है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि इस कंपनी पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है । बहुत से लोग जानकारी के अभाव में मोबाइल खरीदते हैं, मोबाइल का सामान खरीदते हैं । ये लोग इसके माध्यम से डाटा चोरी करके चीन सरकार और चीनी फौज को प्रोवाइड कर रहे है । यह देश की सुरक्षा का विषय है । धन्यवाद ।